Postal Registration No. CHD/0107/2015-2017 Posted at MBU Chandigarh RNI No. CHABIL/2000/3469

हिन्दी/अंग्रेजी मासिक पत्रिका



दीन बन्धु सर छोटूराम

# जाट लहर

जाट सभा, चण्डीगढ़ के सौजन्य से प्रकाशित

वर्ष 16 अंक 11 30 नवम्बर 2016 मूल्य 5 रुपये

प्रधान की कलम से

## Demonetization –Ill-conceived



डा. महेन्द्र सिंह मलिक

There is always more than what meets the eye and our Hon'ble Prime Minister has proved it so right by one stroke. However, the author takes to agree with the views of Mr. P. Chidambaram, former Union Finance Minster, expressed in 'The Sunday Express' dated 20th November, 2016 as under:-

The Prime Minister seems to have brought the idea of a cashless economy and decided to wage a war on cash. His supporters called it a 'surgical strike', little realizing that the bulk of the money transactions of the people of India are legitimate and in cash—and will be in cash a long time—for many reasons. Let me share one crucial data point: for 133 crore people, at the retail level, there are only 14,60,000 Points of Sale (POS)! Cash to digital is a long journey. The 'surgical strike' post Uri was intended to put an end to infiltrations, but the reality is that there has been a three-fold jump in infiltrations (as admitted by the Government).

The 'surgical strike' on currency has resulted in the immiserisation of millions of people and bringing many sectors of the economy to a grinding halt. I shudder to think what the next 'surgical strike' will be and what dreadful consequences that will bring.

The kind of hullabaloo the news created on the 08th November, 2016, I wondered if financial emergency had been declared? Is India at war? What the hell has happened? Some 'patriotic' friends declared that a surgical strike had been carried out on the 'black economy' in India.

But wait, our Hon'ble Prime Minister had promised, while thumping his chest, that he shall get the 'black money' back from where it has been stashed i.e. the Swiss Banks. The estimate of that was close to Rs. 92.95 bn. What happened to that? Of course there is a huge problem of black money in our country. But how can our worthy Prime Minister just wake up one day on a long persisting problem with his own pre-conceived notion of a 'brilliant idea', that with one stroke, one hit, he thought he will solve the problem.

What does a person do if the doctor says that the patient requires an immediate surgical intervention? He says it has to be done immediately at his residence, in the middle of the night, even if there is no nurse, no OT and no anaesthesia; that, the patient will have to bear the unimaginable pain for few hours since it was so very necessary. What would the patient do? Would he hail the doctor? If you would be a bit sane then you will at least

शेष पेज–2 पर

## दीनबन्धु सर छोटूराम जयंती समारोह 29.01.2017

जाट सभा चंडीगढ़/पंचकूला द्वारा बसंत पंचमी एवं दीनबंधु सर छोटूराम की 136वीं जयंती के शुभ अवसर पर समारोह का आयोजन 29 जनवरी, 2017 को दीनबंधु सर छोटूराम जाट भवन, सैक्टर–27, चण्डीगढ़ में किया जाएगा। हरियाणवी रागनी तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम समारोह के मुख्य आकर्षण होंगे। इस अवसर पर मेधावी छात्र, छात्राओं, खेलों में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों, भाई सुरेन्द्र सिंह मलिक अखिल भारतीय निबंध लेखन प्रतियोगिता, पोस्टर मैकिंग प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। जाट सभा के आजीवन सदस्य जो की जनवरी 2016 से दिसंबर 2016 के बीच सेवानिवृत्त हुए हैं उन्हें भी सम्मानित किया जाएगा। अतः वे अपना नाम, पता व विभाग का नाम तथा सेवानिवृत्त का महीना व दूरभाष नंबर जाट सभा चंडीगढ़ को 15 दिसम्बर, 2016 तक सूचित करें। जाट सभा चण्डीगढ़/पंचकुला द्वारा इस अवसर पर एक स्मारिका भी प्रकाशित की जाएगी। आप इस स्मारिका में निबंध या कविता भेजना चाहते हो तो 15 दिसम्बर, 2016 तक भेजें। इस समारोह को सफल बनाने के लिए सभी सदस्यों से निवेदन है कि वे सह परिवार तथा अपने अन्य साथियों सहित समारोह में भाग लें।

शेष पेज–1

question the decision and try to reason it out.

Our Prime Minister has gone farther than that doctor. According to his grandiose speech in Japan and then Goa, he claimed that anyone who questioned the move was obviously having a problem and logically was the one guilty, hoarding black money. So, most of the wise men would obviously zip their lips since 'questioning' invites the branding as a 'black marketers'. But the risk notwithstanding, we need a constructive debate on the issue before we become 'yes men' of our chest thumping Prime Minister.

One, we are living in a free democratic society and our P.M. is the executive head. The Cabinet decisions are capable of affecting the lives of each and every living being in the country. But mind it, they have also a huge responsibility. Did this all powerful Cabinet under the aegis of the P.M. responsibly lay out a detailed plan to handle the chaos they pushed the country in. I fact, it was a completely ill-planned move, where everyday a new deadline, a new surprise is dished out to the common man. A 'psychological strike' at the most basic of human instinct, where most of us are deriving a sadistic pleasure that the hoarders are in trouble now, But sadly 'No'. It is the poorest of poor who are bearing the brunt, behind the propaganda of 'kadak chai' and 'kadwa ghoot'. About 60 people have so far lost their lives, according to media reports. Patients dying in hospitals, single women handling households running to meet the ends, fathers eager to marry off their daughters - the list is endless. The demonetization blows have forced the cancellation of 200 weddings in and around areas of Ludhiana alone. Thus, the writer takes to agree with public statement of Ms, Mamta Bannerjee, Chief Minister, West Bengal who has described the demonetization declaration as a constitutional brake down of the machinery and termed it as a undeclared financial emergency.

Two, was it the only way to get rid of black money in our country? Has anyone evaluated the feasibility of phasing out the old currency after introducing the new? Apart from our own preconceived notions, are there any statistics that could show that even a consideration was given to an alternate methodology? According to an estimate, the cost of this replacement is around 11,500 crore of rupees. Who bears that cost? Moreover, it is also reported that there is acute shortage of authorized cash of the so-called new currency approx. of Rs, 4000 crore in Gurugram in millennium town of Haryana alone. Hence, the most public vows are not going to diminish within prescribed 50 days time. As per the available printing press capacity within the Country, the so-called work load of printing press is bound to take minimum 6 months from the date of the announcement i.e. 08th November, 2016.

Three, till now about 5.5 crore has been deposited in the banks. Was it all black money? Really? Are the men standing in the queue all hoarders and men sleeping peacefully, all honest? There are many housewives, daughters and sisters who may have saved lovingly over decades or probably generations to build their dreams and lives. And as soon as their dreams cross 2.5 lac deposit, the tax men threaten to wield the axe.

Four, a good monsoon and rabi season around the corner and naturally all the farmers of this country were anticipating a good harvest and a slightly better life. But with one stroke so many transactions have stopped and no payments are being received. The highest Asian vegetable market in Mumbai is full of stock but there are no buyers or stockists to take the stock. Agriculture was expected to grow at 3-4% before this move and now the fall out will be borne mainly by the informal and unorganized sector. Consequently, the G.D.P. may barely rise up to 7%.

Fifthly, the foundation of the decision is skewed in favour of an imaginary cashless society.

Since most of the poor Indians don't have a bank account therefore the concept of debit or credit card is alien to them. As per newspaper reports, in the 'knitwear Capital of India', Tirpur, a village in Tamil Nadu, half of the 5 lac workers are paid salary in cash. Even with the increased withdrawal limit of Rs. 50,000/- per week from current account, it is not enough to pay salaries. That is not all. There are





आसमान में देखों, हम अकेले नहीं है। पूरा ब्रह्माण्ड हमारे साथ है, जो मेहनत करने वालों के सपने पूरे करने में उनकी मदद करता है। – अब्दूल कलाम

many tea estates cooperative societies and the likes of the unorganized sector which will come to a grinding halt. So is it wise to use the stick and make the society shift to a cashless one or to first put a sound foundation for banking and then usher in reforms? The plight of the traders can well be imagined through a life photo of an idle trader appearing in one of the Dailies—"Government should have thought about us": Traders.

Sixthly, is there a plan and roadmap ahead? What and how the money now deposited in the bank to be utilized? Which are the priority sectors or schemes to receive an economic thrust? What about the future taxes and interest rates? And what if this move badly backfires? The economy drags, hoarding starts as cash flows choke, insecurity looms large on the industry, agriculture slumps further and more unemployment stares us to the face. Does the government have a plan B for that contingency? If it has a plan then it is shrouded in mystery to be revealed after 30th December, 2016 But right now it views every citizen from an untrusting eye and threatens to disrupt our lives in the hope that it will lead to targeting a 'few' real culprits. Simply put, it is negative in spirit, threatening in approach, apathetic to the public woes, non-trusting and dictatorial in nature.

Lastly, the most important thing which probably none of us can visualize and comprehend is the dangerous trend it has set. When in a democratic society a decision, which can overturn the life of each of the millions who exist, is taken on impulse and without an open, inclusive and informed debate, the essence of democracy is threatened. The consequences of such undemocratic and dictatorial decision making process is germane with the threat to very spirit that is enshrined in our Constitution.

The great Chankya had once said 'Before you start some work, always ask yourself three questions—why am I doing it, what the results might be and will I be successful'. Only when you think deeply and find satisfactory answers to these questions, go ahead. Our Government has failed on all these parameters. But I, as a citizen, question: why all this? And I am convinced, there is more than meets the eye and I hope it's not what I fear.

**Dr. M. S. Malik**, IPS (Rtd.)
President, Jat Sabha Chandigarh/Panchkula &
Akhil Bhartiya Shaheed Samman Sanghrash Samiti

# एक नदी

**- पूनम सिंह**

मैं हूं एक नदी
बहती, लहराती, इठलाती
निकल पड़ी जन्मदाता की गोद से
मिलने अपने सागर से

कभी ऊपर से गिरी धड़ाम
कभी संकरी गली से गुजरी
कभी फैल गई मैदान
कभी ठहरी रही शांत
कभी काटे कई किनारे
कभी रास्ते में आए कई मोड़
कभी मंजर देखे ऐसे–ऐसे
साथ बहा ले गई हजारों

कभी यौवना सी इतराती
कभी बुढ़िया सी सिकुड़ती
कभी बच्चे सी खिलखिलाती
कभी शेरनी सी दहाड़ती
कभी खेत खलियान सजाती
कभी भूख और प्यास मिटाती

चली जा रही हूँ
शाम हो या भोर
बिना रुके, बिना थके
अपनी मंजिल की ओर

# खामोसी

**- पूनम सिंह**

ये खामोशी और खामोश नजरे,
करते हैं जैसे कई इशारे

खामोशी की चादर है ऐसे पसरी
नील गगन में चांदनी बिखरी

खामोशी भी बहुत कुछ है कह जाती
आंखे कभी–कभी जैसे बोल जाती

खामोशी चीरती है दिल को ऐसे
किरणें चोटी से टकरा चुभती जैसे

खामोशी मन को कर देती है शांत
समाधि में साधु जैसे लगाए ध्यान

# जनहित में प्रकाशित

डॉ. प्रोफेसर दुर्गपाल सिंह सोलंकी

## ताऊ चौ. देवी लाल तपेतपाए राजनेता, कुशल प्रशासक, किसान कामगार, दलित–शोषित, एवं गांव गरीबों के महान मसीहा थे : प्रोफेसर डा. दुर्गपाल सिंह सोलंकी आगरा।

आधुनिक चाणक्य ताऊ चौधरी देवीलाल महान जननायक, आधुनिक हरियाणा के निर्माता, आम आदमी से जुड़े संघर्षशील किसान राजनेता थे। वे हिन्दुस्तान के प्रधानमंत्री मंत्री पद विधिवत निर्वाचित हुए लेकिन विशाल हृदयता का परिचय देते हुए अपना ताज राजा मांडा श्री विश्वनाथ प्रताप के सिर पर रख दिया और उनके मंत्रिमण्डल में उपप्रधानमंत्री का पद स्वीकार किया। भारतीय राजनीति में यह अनूठी घटना थी परंतु अनेक राजनैतिक विश्लेषकों व समीक्षकों ने इस कदम को उचित नहीं माना जोकि, आगामी राजनीतिक झंझावतों से सत्य सिद्ध हुआ। ताऊ जब–जब सत्ता में आए, उन्होंने लोक जनकल्याण के ही कार्य संपन्न किए। देश की तरक्की और अन्नदाता किसान को संकट से बचाने के लिए चौ. देवीलाल की नीतियों और कार्यक्रमों का अनुसरण करना होगा, तभी समतामूलक समाज की संरचना हो सकेगी। उनके विचार, नीति और लोक कल्याण के कार्यक्रमों की वर्तमान में भी पूर्ण प्रासंगिक एवं सार्थकता है।''

उक्त विचार भारतीय राजनीति के विलक्षण व्यक्तित्व के ध ानी चौ. देवीलाल जी की 103वीं जयंती पर संपन्न समारोह एवं राष्ट्रीय विचार संगोष्ठी में प्रख्यात शिक्षाविद व "ताऊ चौधरी देवीलाल मिशन–शोध संस्थान के अध्यक्ष प्रोफेसर डा. दुर्गपाल सिंह सोलंकी ने व्यक्ति किए। प्रो. दुर्गपाल सिंह ने कहा कि ताऊ ने कई राजनैतिक पार्टियां बनाईं और कई पार्टियों को अलविदा किया, लेकिन उनका मूल लक्ष्य किसान–कामगारों, मजदूर–मजलूमों, दलित–खेतिहरों, छोटे दुकानदार–व्यापारियों और गरीबों की सुरक्षा व सेवा करना रहा। चौ. देवीलाल के साथ अपनी यादों–स्मरणों को ताजा करते हुए डा. सोलंकी ने कहा कि देवीलाल जी से किसी के कितने ही वैचारिक मतभेद रहे हों, पर वे एक राष्ट्र भक्त, जन–हितैषी, जुझारू तथा दृढ़ संकल्प वाले तपेतपाये समर्पित राजनेता थे। वे दरिद्रनारायण के उपासक थे। कहीं भी किसी भी व्यक्ति के घर पहुंच कर राजीखुशी–हालचाल जानना– यह उनकी जीवन शैली का अंग बन गया था। शासन–सत्ता में रहते हुए भी वे एक ऋषि के समान थे। वे स्वयं एक जागीरदार परिवार से थे लेकिन वे एक साधारण किसान–कामगार की तरह सोच उनका तथा व्यवहार था। इसी कारण वे "जगत–ताऊ" की उपाधि से नवाजे गए। वे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रेरणा से आजादी हेतु लड़ाई में कूद पड़े थे। उनका मानना था कि देश में असली सुराज तभी कायम होगा, जब शासन–सत्ता की कमान किसान–कामगारों में निहित होगी।

अखिल भारतीय जाट आरक्षण संघर्ष समिति के राष्ट्रीय महासचिव चौ. वीरपाल सिंह प्रधानाचार्य ने कहा कि चौ. देवीलाल ऐसे शख्स थे जो सिंहासन पर बैठकर भी पैर धरती पर रखते थे। उन्होंने गांव–गरीब की और किसान की पीड़ा को समझा और परखा था। उनकी आंखों में एक सुनहरे भारत का सपना था जिसके लिए वे आखिरी सांसों तक संघर्ष करते रहे। शिक्षाविद् डा. महीपाल सिंह ने कहा कि शासन और राजनीति के महान चिन्तक आचार्य चाणक्य की तरह चौ. देवीलाल वास्तव में एक साधु थे जो तप और त्याग मूर्ति बनकर लोक हितकारी कार्यों में लगे रहे। उनका सारा जीवन सरल–सादा तथा लोकहित का रहा। "शासन आपके द्वार" में अधिकारी कैंप लगाकर बैठते और जनता की समस्याओं को मौके पर ही हल करते। वे दीनबन्धु सर छोटूराम के "लोक राज लोक लाज से चलता है" के पक्के हिमायती थे और उस पर कर्मठ योद्धा की तरह संघर्षरत रहे।

कमला राणा शासकीय कन्या स्नातकोत्तर स्वशासी कालेज, ग्वालियर (म.प्र.) में राजनीति विज्ञान विभाग में वरिष्ठ प्रोफेसर डा. सुध ाा सिंह ने कहा कि चौ. देवी लाल ने "बेटी बचाओ–बेटी बढ़ाओ" का श्रीगणेश सन 1977 में ही कर दिया था, जिस नारे को श्री नरेन्द्र मोदी आज उठा रहे हैं। कन्याओं को निशुल्क शिक्षा, वर्दी–कपड़ा, कापी–किताब देना चौ. देवी लाल जी की ही देन है। जच्चा–बच्चा स्वास्थ्य योजना में गोद लेने की पृथा के साथ 'कन्या–धन–दान' भी उन्हीं की देन है। पंजाबी यूनीवर्सिटी पटियाला के गणित विभाग के प्रो. देव प्रकाश ने कहा कि चौ. देवी लाल देश के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध एक सेवाभावी व्यक्तित्व के नेता थे जो चार दशकों तक हरियाणा की राजनैतिक क्षितिज पर छाये रहे और केन्द्र की राजनीति में दखल रखा। इतिहासविद कुंवर अरूण प्रताप 'चमन' ने कहा कि देवीलाल भारतीय राजनीति में "खास" बनकर भी "आम" बने रहे। वे चौपाल, खेत की मैंड़, नहर, सड़क के किनारे चाय की गुमटी ढाबों और गांव वालों से सीधे जुड़े रहे। किसी गांव के पास से गुजरते हुए वहां रूक कर, खाट पर बैठकर ग्रामीणों से हाल–चाल पूंछना और सुख–दुख की बातें करना उनका स्वभाव था।

किशोरीरमण पोस्ट–ग्रेजुएट कालेज, मथुरा (उ.प्र.) के राजनीति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रो. सुधीर प्रताप सोलंकी ने चौ. देवीलाल को "मांटी–धरती पुत्र" तथा भारतीय ग्राम–चेतना का प्रतीक–पुंज बताते हुए कहा कि उन्होंने इसी ग्राम चेतना के बल पर आजादी की लड़ाई लड़ी और उसी को आधार मानकर आधुनिक भारत के निर्माण में अनुपम योगदान किया। भोपाल (म.प्र.) के वक्ता डा. राकेश राणा ने बताया कि चौ. देवीलाल पंजाब, म.प्र., हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली, गुजरात व पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रत्येक गांव में

कम से कम दस–बारह आदमियों को नाम से जानते, पहचानते व मानते थे। कोई भी व्यक्ति उनसे आसानी से मिल लेता था।

चौ. देवीलाल के निकट साथी–सहयोगी रहे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्री तेज सिंह वर्मा "सौनिगा" ने कहा कि वे सत्ता को प्रजा की सेवा का साधन मानते थे। मुख्यमंत्री निवास में रहते हुए "हुक्का घर" की स्थापना की। देश के उपप्रधानमंत्री व कृषि मंत्री रहते पांच सितारा होटलों में चौपाल की व्यवस्था करवाई, जहां किसानों का उचित मूल्य पर खाने–भोजन का प्रबंध था। उन्होंने निवास–स्थान पर एक आदर्श पशुपालन और गोवर–गैस प्लांट स्थापित कर ग्रामीण भारत को इस ओर प्रोत्साहित किया।

अध्यक्षीय संबोधन में मध्य प्रदेश महिला सभा, इन्दौर की अध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी श्रीमती दुर्गेश कुमारी ने कहा कि ताऊ अपनी सरलता और दिलेरी के लिए याद किए जाते रहेंगे। उनकी कथनी और करनी एक थी और अनूठी सोच थी। उन्होंने नारी–कल्याण के अनेक उपयोगी कार्यक्रमों का श्रीगणेश किया, जिसे केन्द्र तथा राज्य सरकारों ने अपना लिया है। श्रीमती दुर्गेश जी ने आह्वान किया कि देश की जनता की खुशहाली के लिये हमें देवीलाल जी की नीतियों और कार्यक्रमों को अपनाने की परम आवश्यकता है।

राजा महेन्द्र प्रताप मिशन, वृन्दावन के महासचिव राजेन्द्र प्रताप सिंह, आचार्य सोहनलाल, प्राध्यापक जतीश उपाध्याय, समाजसेवी भूपेश गोयल बेरीवाल, डा. रामकृष्ण सारस्वत, राजेश पचौरी, डा. दौलत राम चतुर्वेदी, गिरजि शर्मा, श्रीकृष्ण यादव, आर.के. अग्रवाल, बनवारी सिंह, पूरन शर्मा, बच्चू मीणा, कन्छी सेठ, रीमा सिंह दिनेश जी, अरविन्द सिंह, विनोद–इन्द्रपाल मुखिया जी, प्राचार्य पी.के. राजौरा, सीटू साहब, नवीन सक्सैना, अनिल चाहर, अक्कू सिंह, सविता चौधरी, अजीत अत्री, श्याम तोमर, अंकुर–अंकित उपाध्याय, राहुल सोलंकी, प्रो. कृष्ण प्रताप पोरस, प्रो. प्रमोदपाल, श्रीमती बिमलेश सिंह, रेशम अर्चना देवी, प्रो. नरेश कुमार, नरेन्द्र कुंवर आदि वक्ताओं ने देवीलाल जी के व्यक्तित्व व कृतित्व पर अपने विचार प्रकट किए। संयोजक अजीत सोलंकी ने आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि, "ताऊ, झिलमिला कर रह गए सब, तेरी यादों के चिराग। सामने फिर टूटते, तारों के मंजर रह गए।।"

# उथल पुथलकारी युग में - प्रेरक प्रसंग

**-मोनिका आर्या, मतलौडा, हिसार**

इस भौतिक जगत में सुविधा सामग्री भरी पड़ी हैं, तो आत्मिक क्षेत्र तृप्ति, तुष्टि और शांतिरूपी संपदा में संपन्न है। जो व्यक्ति सुविधा साधनों में रमते हैं वे खिलौनों में खेलने वाले बालकों की तरह मंद बुद्धि हैं। जिन्हें आत्मिक जगत की स्वर्गीय संपदा को प्राप्त करने में रूचि है, उन्हें बड़े भाग्यशाली कहा जाना चाहिये, उन्हीं का मानव जीवन धन्य है। बहिर्मुखी लोग भ्रम जंजालों में उलझे हैं। अंतर्मुखी तथ्यों को समझते सत्य को अपनाते और श्रेय को पाते हैं। निम्न प्रसंग मानव उत्थान में सहायक हैं। हर व्यक्ति इनसे सीख ले सकता है।

1. उद्देश्य चुनो, स्थिर रहकर करो

एक लड़के ने बहुत धनी आदमी को देखकर धनवान बनने का निश्चय किया। कई दिन तक वह कमाई में लगा रहा और कुछ धन भी कमा लिया। इसी बीच उसकी भेंट एक विद्वान से हुई अब उसने विद्वान बनने का निश्चय किया और दूसरे ही दिन कमाई–धमाई छोड़कर पढ़ने में लग गया। अभी अक्षर अभ्यास ही सीख पाया था कि उसकी भेंट एक संगीतज्ञ से हुई। उसे संगीत में अधिक आकर्षण दिखाई दिया, अतः उस दिन से पढ़ाई बंद कर दी और संगीत सीखने लगा। उसकी अत्यधिक उम्र बीत गई, न बहुत धनी हो सका, न विद्वान बन सका और न ही संगीत सीख पाया। तब उसे बड़ा दुख हुआ। एक दिन उसकी एक महात्मा से भेंट हुई। उसने अपने दुख का कारण बताया। महात्मा मुस्कुरा कर बोले– बेटा! छुनिया बड़ी चिकनी है जहां जाओगे कोई न कोई आकर्षण दिखाई देगा। एक निश्चय कर लो और फिर जीते जी उसी पर अमल करते रहो तो तुम्हारी उन्नति अवश्य होगी। बार–बार रूचि बदलते रहने से कोई भी उन्नति न कर पाओगे। युवक समझ गया और एक उद्देश्य कर उसी का अभ्यास करने लगा।

2. संसार की सबसे बड़ी मूर्खता

जब सिकंदर भारत आया तब उसकी मुलाकात एक फकीर से हुई। सिकंदर को देख फकीर हंसने लगा। इस पर सिकंदर ने सोचा, 'ये तो मेरा अपमान है' और फकीर से कहा 'या तो तुम मुझे जानते नहीं हो या फिर तुम्हारी मौत आई है।' जानते नहीं मैं सिकंदर महान हूं। इस पर फकीर और भी जोर–जोर से हंसने लगा। उसने सिकंदर से कहा, मुझे तो तुम में कोई महानता नजर नहीं आती। मैं तो तुम्हें बड़ा दीन और दरिद्र देखता हूं। सिकंदर बोला, तुम पागल हो गए हो। मैंने पूरी दुनिया को जीत लिया है।

तब उस फकीर ने कहा, ऐसा कुछ नहीं है। तुम अभी भी साधारण ही हो फिर भी तुम कहते हो तो मैं तुमसे एक बात पूछता हूं। मान लो तुम किसी रेगिस्तान में फंस गए और दूर–दूर तक तुम्हारे आस–पास कोई पानी का स्रोत नहीं है और कोई भी हरियाली नहीं है जहां तुम पानी खोज सको तो तुम एक गिलास पानी के बदले क्या दोगे। सिकंदर ने कुछ देर सोच–विचार किया और उसके बाद बोला कि मैं अपना आधा राज्य दे दूंगा। इस पर फकीर ने कहा अगर मैं आधे राज्य के लिए न मानूं तो सिकंदर ने कहा इतनी बुरी हालत में तो मैं अपना संपूर्ण राज्य दे दूंगा। फकीर फिर हंसने लगा और बोला कि तेरे राज्य का कुल मूल्य है, बए एक गिलास पानी और तुम ऐसे ही घमंड से चूर हुए जा रहे हो। इस तरह सिकंदर का गर्व मिट्टी में मिल गया और वह उस फकीर से आशीर्वाद लेकर आगे बढ़ चला। इसलिए स्वयं को महान बताना संसार की सबसे बड़ी मूर्खता है।



जिन्दगी एक हसीन ख्वाब है, जिसमें जीने की चाहत होनी चाहिये, गम खुद ही खुशी में बदल जायेंगे, सिर्फ मुस्कुराने की आदत होनी चाहियें। - अज्ञात

3. दुष्ट अपना स्वभाव नहीं छोड़ते

एक नदी तट पर बिच्छू और केकड़ा पास–पास रहते थे। एक दिन बिच्छू बोला, मित्र तुम्हें पानी में तैरते देखता हूं तो आनंद भी आता है और ईर्ष्या भी होती है। आनंद इस बात का कि तैरते समय तुम्हें कितनी प्रसन्नता होती होगी। ईर्ष्या इस बात से कि मैं वैसा भाग्यशाली न बन पाया, जिससे कि तुम्हारी तरह तैरता और आनंद लेता। केकड़ा उसका प्रयोजन समझ गया, बोला, पीठ पर बैठकर सैर करा देने में तो मुझे कोई आपत्ति नहीं है, किन्तु दोस्त तुम स्वभाव नहीं छोड़ोगे और डंक मारकर मेरे लिए प्राण संकट खड़ा करोगे।

बिच्छू ने कहा, मैं इतना मूर्ख नहीं हूं जो उपकार कर्ता को डंक मारूं। आपके मरने पर मैं भी तो डूबूंगा। केकड़े को विश्वास हो गया। उसने बिच्छू को पीठ पर बैठाकर तैरना आरंभ किया। बिच्छू को मस्ती आई तो शपथ की याद नहीं रही और डंक केकड़े की पीठ में चुभो दिया। केकड़ा तिलमिलाया। बेचैनी से पानी में डूबा और बिच्छू भी जलमान हो गया। मरते समय केकड़े को यह समझ आई कि दुष्ट की दुष्टता से बचने में ही खैर है क्योंकि दुष्ट अपनी दुष्टता का स्वभाव कभी नहीं छोड़ते।

4. एकाग्रता से सफलता

जिंदगी में यूंही सब कुछ नहीं मिल जाता। इसके लिए आपको कर्म करना पड़ता है। कर्म के लिए आपका एक लक्ष्य होना चाहिए और आपकी मिलनसारिता का गुण जो आपको नई ऊंचाईयों तक पहुंचाने के लिए काफी है। एक बार जर्मन दार्शनिक ने स्वामी दयानन्द से कहा, स्वामी जी, आपका बलिष्ठ शरीर और ओजस्वी मुखमंडल देखकर मैं अत्यंत प्रभावित हूं। क्या मुझ जैसे सामान्य व्यक्ति के लिए यह संभव है कि आप जैसा सशक्त शरीर और तेजयुक्त मुखमंडल प्राप्त हो सकें।

स्वामी जी बोले, क्यों नहीं, जो व्यक्ति अपने को जैसा बनाना चाहता है, बन सकता है। हर व्यक्ति अपनी कल्पना के अनुरूप ही बनता–बिगड़ता रहता है। तुम्हें सबसे पहले एक लक्ष्य बनाना चाहिए, फिर उसकी पूर्ति के लिए संकल्प करके उसी के अनुसार काम करना चाहिए, एकाग्र मन से किए गए कार्य एक दिन सफलता की मंजिल पर अवश्य लाकर खड़ा करते हैं।

# वैवाहिक विज्ञापन


- SM4 Jat tall h'some boy Oct. 89/5'10" B.Tech CS working MNC, Noida prf B.Tech wkg girl 5'4" Min. Avoid : Nain, Sirohi Cont.: 9810983708
- SM4 H'some Jat boy 29/5'9" B.Arch (IIT) M.Tech wkg MNC Delhi. Highly Edu. Gurgaon based family. Cont.: 8527599960
- Jat Boy 28/6'1", B.E./M.S. Software Prof. Stld. Grmny, Hisar based fmly seek tall BE/BCA/MBA girl. Avoid : Kharb, Latyan, Dahiya Cont.: 9416402030
- SM4 26/6'1", B.Tech, NIT MBA, IIM working MNC 15 Lpa prfd smlr qulf wkg girl. Avoid : Janmeda, Payal Cont.: 8800936596
- SM4 Jat boy 29/5'10" h'some B.Tech (CS) MS from USA, wkg in UA as SAP Consultant fmly stld in Gzb seek b'ful MCA/M.Tech (CS) girl from rptd Jat fmly. Avoid : Sahlot, Dhama Cont.: 9599019132
- SM4 Jat boy 29/5'10" MBA wkg MNC CTC 11 Lpa. S. Delhi bsd pref B.Tech/MBA/Lecturer from Edu & Rep fmly. Avoid : Panwar, Kadyan, Dalal. Cont.: 9810280462.
- SM4 Jat ssc Army capt 27 yrs 5'11" w up bsd father serving col. Avoid : Kahyap, Bajjar, Panwar. Cont.: 9411609150
- SM4 h'some Jat Army Capt. 26/5'11" father Def. Ofcr. Well settled Delhi based fmly. Avoid : Chhikara, Jhajharia, Kadyan. Cont.: 9968003743
- SM4 h'some 29/6'1" B.Tech, MBA. working offr psu oil co. etc. 14 LPA. Father GM PSU. Avoid : Dahiya, Kadian. Cont.: 7544004285
- SM4 Jan 85/5'6" MD (Medicine) boy. MEDICO Pref. PG (Clinical). Avoid : Balyan, Dagar. Cont.: 9414936906
- SM4 jat boy 29(09.02.1988)/5'11", B.Tech working in MNC IT park chandigarh. 7,20,000 per Anuum. Avoid Gotra: Rathi, Ohlayan, Khatri Cont.: 9814006134
- SM4 jat boy 28/5'10", B.A. PGDCA (70%) from PU employeed in Punjab Cooperative Bank as regular D.E.O ( Rs. 35000 per month). Father Hry. Govt. Officer. On flat at Panchkula. Tricity Math prefered Avoid Gotra: Gill, Nandal, Bazar. Cont.: 09876875845
- जाट 28 / 5'9'' B.Tech, wkg in NDTV, NCR 9 LPA स्मार्ट हैण्डसम प्रतिष्ठित परिवारीय युवक हेतु सुयोग्य वधु चाहिए। Cont.: 9548143371
- SM4 Jat boy 5'8"/31 yrs. (M.A. M.Ed) lecturer in college. Settled in Delhi. Avoid : Chhikara, Dahiya, Khatri. Cont.: 9968968749, 9968968849
- SM4 Jat Boy 25/5'8" B.Tech. from PEC Chandigarh. Employed as Inspector in Custom & Central Excisei (C.G.S Bombay). Avoid Gotras: Poonia, Lohan, Rathee. Cont.: 08950492573
- SM4 Jat Boy (DOB 04.12.90) 25.11/6' B.Tech. Employed in Pb. & Sind Bank as P.O. at Jallandhar. Avoid Gotras: Nain, Brar, Beniwal. Settled in Chandigarh. Cont.: 09467037995, 09416048202
- SM4 Jat Boy (DOB 15.04.91) 25.7/5'9" M.A. Employed as Clerk in S.B.I. Panchkula. Avoid Gotras: Malik, Kundu, Saroha. Cont.: 08813089176, 09138530000
- SM4 Jat Boy (DOB 23.08. 89) 25.7/5'10" B.Tech. Employed as Service Engineer in Tata Motor Ltd. In Haryana. Avoid Gotras: Rathee, Malik, Kundu. Cont.: 08950092430
- SM4 Jat Boy (DOB 25.11.87) 29/5'9" , 10+2. Employed as data-operator in U.T. Chandigarh on contract basis. Avoid Gotras: Hooda, Rathee, Kadian. Cont.: 09463457433
- SM4 Jat Boy (DOB 21.04.90) 25.6/5'9" B.Tech. Working as Assistant in Haryana Civil Secretariat in Excise & Taxation Deptt. Only son, Father and mother Gazetted Officers in Haryana government. Avoid Gotras: Mor,Siwach, Singroha. Cont.: 09988701460
- SM4 Jat Boy 27/5'8" B.A., L.L.B. Practicising in District Court Panchkula. Avoid Gotras: Balyan, Nehra. Cont.: 09996844340

- SM4 Jat Girl (DOB 04.08.90)26.3/5'4.5" MCA (PU CHD) Employed as Software Developer in MNC Phase-I Chandigarh. Avoid Gotras: Dalal, Dagar, Sinhmar Cont.: 09463330394, 09646712812
- SM4 (Divorcee Issue less) Jat Girl (DOB August1987),28.8/5'6", M.Tech. in Computer Engineering. Employed as Assistant Professor in Engineering College, Landra (Pb.) Avoid Gotras: Sangroha, Lohan, Panghal. Contract: 09464141784
- SM4 Jat Girl (DOB 29.02.92)24.9/5'4" M.Sc.Physics (PU CHD) Pursuing B.Ed. Avoid Gotras: Dalal, Dagar, Sinhmar. Cont.: 09463330394, 09646712812
- SM4 Jat Girl (DOB September1991)25.2/5'4" M.A. Psychology (Punjab University) HTET clear, Working as Assistant Professor on contract basis. Avoid Gotras: Khokhar, Malik, Mor. Cont.: 09876221778
- SM4 Jat Girl (DOB 09.03.90)26.8/5'7" B.A. B.Ed. Avoid Gotras: Hooda, Rathi, Kadian. Cont.: 09463457433
- SM4 Manglik Jat Girl (DOB 28.11.93)23/5'1" B.A. from P.U. Doing practice for stenographer. Avoid Gotras: Beniwal, Segwal, Kadian, Kuhar, Kaliraman. Cont.: 08991887304
- SM4 Jat Girl (DOB 07.08.83)33.3/5'5" M.A.(Eng.) M.B.A, B.Ed. Working in H.R. NOIDA. Grand Daughter of Sir Chhotu Ram. Avoid Gotras: Ohlian, Bajad, Dagar, (Ahlawat not direct). Cont.: 09896399003
- SM4 Jat Girl (DOB 04.11.90)26/5'2" B.A.,B.Ed. from Chandigarh. Father Government Officer in HSIDC. Avoid Gotras: Hooda, Kundu, Bhanwala. Cont.: 09729235545
- SM4 Jat Girl (DOB 26.01.88) 28/5'3" M.Tech. Employed as Guest Lecturer in Govt. Polytechnic College, Nilokheri. Avoid Gotras: Malik, Siwach, Goyat. Cont.: 09215017770
- SM4 Jat Girl (DOB 17.02.90) 26.7/5'3" M.Tech. Employed as Programmer in Food & Supply Department , Karnal. Avoid Gotras: Malik, Siwach, Goyat. Cont.: 09215017770
- SM4 divorced issu-less Jat Girl (DOB 26.07.88) 28.2/5'4" M.A., B.Ed. (Geoinformatic). Father in Central Government. Employed as Project Assistant (Adhoc.) in Sc. & Tech. Department , Panchkula. Avoid Gotras: Dalal, Dahiya, Panwar Cont.: 09416534644
- SM4 Jat Girl 25/5'5" B.D.S Employed in a reputed Pharma. Company in I.T. Park Chandigarh. Family settled at Chandigarh. Try-city match preferred. Avoid Gotras: Kundu, Malik, Sandhu. Cont.: 09779721521
- SM4 Jat Girl 23/5'3" M.B.A. Employed in MNC at Mumbai with Rs. 4.50 Lakh package PA. Father & Mother in Government job. Avoid Gotras: Mor, Nain, Gill. Cont.: 09872330397, 09915711451
- SM4 Jat Girl (DOB 18.10.84) 31.10/5'3" M.Com. Passed Computer Course. Avoid Gotras: Kadian, Malik, Khatri. Cont.: 09468089442
- SM4 Jat Girl (DOB18.8.88) 28/5'3.6" M.Sc (Math), B.Ed. Working in a reputed private School. Avoid Gotras: Bankura, Mann, Narwal. Cont.: 09354839881
- SM4 Jat Girl 27.5/5'7" B.A. (Hons.) MA English, M.Phill. B.Ed. NET qualified Employed as J.B.T.Teacher in U.T. Chandigarh. Avoid Gotras: Malhan, Kadian, Chahar. Cont.: 09467394303
- SM4 Jat Girl (DOB 05.09.91) 24.10/5'6" M.Tech (CSE) Employed in a University. Avoid Gotras: Malik, Hooda, Rana. Cont.: 07696844991, 07814609118
- SM4 Jat Girl (DOB 20.09.91) 25/5'6" M.Tech (ESE). Avoid Gotras: Panwar, Deswal, Ahlawat. Cont.: 08053825053, 09813262849
- SM4 Jat Girl 25/5'2" B.Tech (CSE) Cleared S.S.C. Exam. Avoid Gotras: Malik, Hooda, Joon. Cont.: 09780336094.
- SM4 Jat Girl (DOB 07.02.90) 25/5'10" B.Tech. (ESE) M.Tech (ESE) from M.D.U.Rohtak. GATE qualified. Avoid Gotras: Kadian, Rathee, Sangwan. Cont.: 08447796371
- SM4 Jat Girl (DOB 05.12.86) 29.11/5'5". M.Sc. Geology, Employed as Class-I Gazzeted Officer at G.S.I., Govt.of India at Dehradun. Father School Lecturer, Mother housewife. Avoid Gotras: Rathee, Malik, Kundu. Cont.: 08950092430
- SM4 wodow issue less Jat Girl (DOB 02.10.80) 35.5/5'3" MSc., M.Phill, B.Ed. Employed as Junior Lecturer in Haryana Government. Avoid Gotras: Nandal, Sehrawat, Dalal. Cont.: 08570032764
- SM4 b'ful Jat girl 17.07.89/5'8" M.Tech (IIT), Class-I Offcr. Central Govt. Service. Seeks Civil Serv./Scientist/Class-I officr in Cent. Govt. Serv. Avoid : Dagar, Dahiya. Cont.: 9818743834
- SM4 V.b'ful girl, 26/5'6", M.Sc., B.Ed. NET-Ph.D. Pursuing, Rep. family. Avoid : Tomar, Baliyan. Cont.: 9412834119
- SM4 g'ful, slim Jat girl working, B.Tech, MBA Oct 88/5'5" rptd affluent WUP Family. Avoid: Attri, Sehrawat. Cont.: 9811049036
- SM4 Jat slik b'ful girl 29/5'5", M.Sc. (Fin.) working in MNC GGN CTC 5.5 LPA, Delhi bsd. Seeks W'stld Boy. Avoid : Chahar, Sinsinwar. Cont.: 9810635713
- SM4 for South Delhi based Jat girl, beautiful, slim, 5'5", 28, B.Tech (CSE), Team Lead US MNC, Gurgaon. Father heading Top PSU. Cont.: 9599075024
- SM4 Jat girl, 26/5'6", Mgr HR, Fthr serving Brigadier, Pref. B.Tech, IIT, IIM, Civ Services. Def. Avoid: Dhankhar, Rathi, Sheoran. Contact: 9849841834
- SM4 Fair, Slim, B'ful Jat girl Oct-90, 5'6", M.Tech, working MNC Ggn, W.UP bsd. Father Doctor. Avoid: Baliyan. Cont.: 8527972671
- जाट 28 / 5'5'' MDS (Endo) अंतिम वर्ष, पिता राजकीय कर्मचारी, माता ग्रहणी, भाई बिजनेस, वरीयता डॉक्टर, MD, MS, MDS हेतु सुयोग्य वर चाहिए। वर्जित गोत्र : खोखर, डांगी, मलिक। संपर्क : 9416211908
- SM4 b'ful Jat girl 26/5'10" M.Tech GATE 2014 qlfd, fathr retd Dy. DA Hry Govt. Avoid: Kadian, Rathi, Sangwan. Cont.: 8447796371
- SM4 B.Tech (EC), fair, b'ful West UP girl 28/5'7", 9.5 LPAs/w Engr. MNCNCR D/o CL-1 officer (Retd.). Cont.: 7042480560
- SM4 b'ful Jat girl 25/5'4" M.Sc. B.Ed. Govt. Serv. Del. Bsd Edu. Rich fmly. Fthr Gztd Offcr. Avoid: Dabas, Malik,Baniwal.
- SM4 slim Jat girl 28/5'3½", M.Com, LLB, wkg CS, GGN bsd prfd HY/NCR. Avoid : Lamba, Panjeta, Kundu. Cont.: 9310795250
- SM4 29/5'5" Conv. Educated B.Tech b'ful fair girl working as auditor in Ministry of Defence. Cont.: 8192804191
- SM4 sophisticated Jat business family South Delhi Residency seeks alliance for their beautiful only daughter March 1989/5'8" Convent Educated English (Hons) from Delhi University LLB (Pune). One Brother married and well settled. Contact: 9871206207
- SM4 Jat girl 27/5'3" B.Tech, M.Tech working as a P.O. in IDBI Bank, Mother class one officer, Father class one officer (Retd.) Avoid Gotra : Pannu, Gill, Dhull, Cont.: 09416865888

# 'बेचारा किसान' पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

जाट सभा चंडीगढ द्वारा 23 नवंबर को जाट भवन, चंडीगढ में 'बेचारा किसान' विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ सभा के माननीय अध्यक्ष एवं हरियाणा के पूर्व पुलिस महा निदेशक डा0 एम0एस0मलिक, आईपीएस (सेवा निवृत) द्वारा प्रतियोगी विद्यार्थियों को लेखन सामग्री वितरण करके किया गया।

डा0 मलिक ने कहा कि इस प्रतियोगिता में चंडीगढ़, पंचकुला, मोहाली व आसपास के विभिन्न स्कुलों के लगभग 400 विद्यार्थियों ने भाग लिया। उन्होंने ने कहा कि सभा द्वारा यह प्रतियोगिता हर वर्ष आयोजित की जाती है जिसके द्वारा छात्रों को पोस्टर/ड्राइंग में अपनी कला ज्ञान का प्रदर्शन करने के साथ-साथ राष्ट्र की एक ज्वलंत समस्या को अपने विवेक व प्रतिभा द्वारा उजागर करने का अवसर मिलता है। बच्चों में पोस्टर एवं पेटिंग विषय पर उनके बौद्धिक स्तर को बढ़ाने व विद्यार्थियों के प्रोत्साहन के लिए उनके शैक्षणिक स्तर व क्षमता के अनुसार प्रतियोगिता को तीन श्रेणियों - कक्षा तीसरी से पांचवी तक 'ए' कक्षा छटी से आठवी तक 'बी' व कक्षा नोवीं से बाहरवीं तक 'सी' में विभाजित किया गया। प्रत्येक श्रेणी में प्रथम, द्वि8ीय व तृतीय स्थान प्राप्त कर्ता को क्रमशः 2100, 1500, 1100 रूपये का नकद पुरूष्कार व मैरीट सर्टीफिकेट प्रदान किया जाएगा। इसके इलावा प्रत्येक श्रेणी में 500-500 रूपये के तीन सांत्वना पुरूष्कार भी दिए जाएगें। पुरूष्कार विजेताओं को बंसत पंचमी एवं दीनबंधु सर छोटुराम की 136वीं जयंती समारोह के अवसर पर 29 जनवरी 2017 को जाट भवन चंडीगढ़ में सम्मानित किया जाएगा।

इस प्रतियोगिता के पोस्टरों की छंटनी, चयन एवं परिणाम तैयार करने के लिए एक चयन समिति गठित की गई जिसमें गर्वमेंट आर्ट कॉलेज सै1टर 10, चंडीगढ के सेवानिवृत प्रो0 इन्द्रजीत गुप्ता और इसी कॉलेज के सहायक प्रोफेसर श्री रवीन्द्र शर्मा व सहायक प्रोफेसर श्रीमति अनिता गुप्ता भी स6मिलित थे। चयन समिति द्वारा निम्न प्रतियोगियों का पुरूष्कार हेतू चयन किया गया :-

**श्रेणी-ए कक्षा तीन से पांचवीं तक**

**प्रथम विजेता** - सात्वीक कंबोज, कक्षा 5वीं, सैंट जान हाई स्कूल, सैक्टर 26, चंडीगढ

**द्वितीय विजेता** - कृत्वी, कक्षा 5वीं, भवन विद्यालय, जुनियर विंग, सैक्टर 33 डी, चंडीगढ

**तृतीय विजेता** - विधि गुप्ता, कक्षा 5वीं, ज्ञान ज्योति ग्लोबल स्कूल, फेज्-2, मोहाली

**सांत्वना पुरूष्कार** - सुखविंदर, कक्षा 5वीं, सैंट विवेकानंद मिलेनियम स्कूल, एचएमटी, पिंजौर

**सांत्वना पुरूष्कार** - जोरावर सिंह, कक्षा 5वीं, सेंट जोन हाई स्कूल, सै1टर 26, चंडीगढ

**सांत्वना पुरूष्कार** - कर्ण, कक्षा 5वीं, रा0उच्च वि0 सैक्टर 32 डी, चंडीगढ

**श्रेणी बी कक्षा छटी से आठवीं तक**

**प्रथम विजेता** - गुरलीन कौर, कक्षा 8वीं, सैंट विवेकानंद मिलेनियम स्कूल, एचएमटी, पिंजौर

**द्वितीय विजेता** - सौरभ, कक्षा 8वीं, रा0 उच्च वि0 सैक्टर 32 डी,चंडीगढ

**तृतीय विजेता** - अमन रानी, कक्षा 8वीं, रा0 आदर्श व0मा0 विद्यालय, सैक्टर 28 डी,चंडीगढ

**सांत्वना पुरूष्कार** - परमजीत, कक्षा 8वीं, ज्ञानदीप स्मार्ट स्कूल, चंडीगढ

**सांत्वना पुरूष्कार** - मांशा गुप्ता, कक्षा 7वीं, शिशु निकेतन पब्लिक स्कूल, सैक्टर 43, चंडीगढ

**सांत्वना पुरूष्कार** - हरकिरत सिंह, कक्षा 7वीं, ज्ञान ज्योति ग्लोबल स्कूल फेज्-2, मोहाली

**श्रेणी-सी कक्षा नोवीं से बाहरवीं तक**

**प्रथम विजेता** - अंजली ठाकुर, कक्षा 10वीं, श्री गुरू हरकिशन,व0मा0वि0 सैक्टर 40,चंडीगढ

**द्वितीय विजेता** - बैभव, कक्षा 11वीं, रा0व0मा0वि0 सैक्टर 35 डी,चंडीगढ

**तृतीय विजेता** - हर्ष ठाकुर, कक्षा 10वीं, सैंट विवेकानंद मिलेनियम स्कूल, एचएमटी, पिंजौर

**सांत्वना पुरूष्कार** - दमन गंभीर, कक्षा 11वीं, रा0 आदर्श व0मा0वि0 सैक्टर 35 डी , चंडीगढ

**सांत्वना पुरूष्कार** - हरप्रीत कौर, कक्षा 9वीं, श्री गुरू हरकिशन,व0मा0वि0 सैक्टर 40,चंडी÷ढ

**सांत्वना पुरूष्कार** - रोहित, कक्षा 10वीं, रा0उच्च वि0 सैक्टर 32 डी, चंडीगढ़



जो सुखी है उनका भी चित्त बादलों को देखकर स्थिर नहीं रहता, फिर जो विरही हैं उनकी तो बात ही क्या? –कालिदास

# कश्मीर समस्या - समाधान

– ब्रिगेडियर एन.एल. वर्मा (से.नि.), बीकानेर

कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। कश्मीर के तत्कालीन शासक ने अपने राज्य को भारत में विलय किया। सच तो यह है कि कश्मीर भारत है। लेकिन विलय के समय की सबसे बड़ी गलती– कश्मीर को विशेष दर्जा, अलग संविधान, अलग ध्वज तथा अलग कानून है। लेकिन ये सब क्यों? इन सबका उत्तर या हल के लिए देश को बड़ा बलिदान देना पड़ रहा है। सुरक्षाकर्मी व नागरिक मारे जा रहे हैं। सेना व अर्धसैनिक बल तैनात हैं फिर भी हिंसा का दौर जारी है। आज तक सभी केंद्र व राज्य सरकारें एक मुक दर्शक के रूप में काम कर रही हैं। राज्य को तरक्की के लिए जीडीपी का 10 प्रतिशत राशि देश की 1 प्रतिशत जनता को दी जा रही है। यह राशि प्रोग्रेस में खर्च करने की जगह हिंसा फैलाने में उपयोग की जा रही है। आज तक कश्मीर के किसी भी नेता ने जनता के सामने यह नहीं कहा कि सेना हमारी रक्षा कर रही है। उन्होंने शहीदों के सम्मान में कोई बात नहीं की। यह सब क्यों? क्या इसका किसी के पास कोई जवाब है?

बुरहानी वानी, एक खतरनाक आतंकी जो कश्मीर के युवाओं में साइबर से आतंकवाद फैला रहा था जैसे कि इस्लामी स्टेट कर रहा है। कड़वा सच तो यह है कि आतंकी की वजह से आज कश्मीर में अलगाववाद, आजादी या प्लेबीसाइट आदि मुद्दे गौण या खत्म हो गये हैं। अब सिर्फ एक ही मुद्दा उभर कर आया है– आतंकवाद, जिसकी दहशत इराक, सीरिया, अफगानिस्तान आदि देशों में देखने को मिलती है। वानी की मुहिम का असर देखने को मिल रहा है। कश्मीरी जवान आतंकी बन रहे हैं। इस आतंकी को मार कर सैनिकों ने देश पर बड़ा अहसान किया है तथा वे धन्यवाद के पात्र हैं। लेकिन कुछ मानव अधिकार के कथित दूत, कुछ सेक्यूलर नेता सेना के बलिदान पर प्रश्नचिन्ह लगा रहे हैं।

कश्मीरियों के दिल व दिमाग जीतने की आवाज चारों तरफ से उठ रही है। सत्तापक्ष, विपक्ष, मानव अधिकारी के शांति के दूत आदि सभी उस दौड़ में शामिल हैं। लेकिन मैं उनको यह आगाह करना चाहता हूं कि कड़वा सच यह है कि दिल व दिमाग तभी जीत सकते हैं जब आतंकवाद के युद्ध को जीतेंगे। कारण साफ है– जब तक आतंकियों का दबदबा रहेगा– साधारण नागरिक व नेतागण सभी आतंकवाद या अलगाववाद का राग अलापेंगे। आतंकवाद हमेशा मोडरेट की आवाज बंद करेगा। जनता अपना मुंह बंद तब तक नहीं खोलेगी, जब तक वे सुरक्षित महसूस नहीं करेंगे। आतंकवाद के खत्म होने पर ही आप उनसे संवाद कर सकते हैं। उसी समय दिल व दिमाग जीतने की बात हो सकेगी। पंजाब का उदाहरण अब भी सबको याद होना चाहिये। फिर सरकार व नेता इस समस्या को हल क्यों नहीं करते? पंजाब में जब एक पुलिस अधिकारी आतंकवाद को खत्म कर सकता है तो हमारी सेना क्यों नहीं? मूल उत्तर सेना के हाथ बंधे हैं।

यह छद्म युद्ध एक थोड़े समय का युद्ध नहीं है। जब तक पाकिस्तान कश्मीर या भारत में आतंकवाद को फैलायेगा, तब तक यह छद्म युद्ध जारी रहेगा। साधारण नागरिक व सुरक्षाकर्मी अपना खून बहाते रहेंगे। यह छद्म युद्ध तभी खत्म हो सकता है जब हम पाकिस्तान की इस मुहिम को खत्म करेंगे। यह मुहिम वानी को मारने पर खत्म नहीं होगी। उसके 60–70 साथी आतंकी व इस साइबर मुहिम को खत्म करने पर पाकिस्तान को बड़ा झटका लगेगा। मैं माननीय रक्षा मंत्री के उस बयान को याद दिलाना चाहुंगा जिसमें उन्होंने कहा था आतंक के कांटे को आतंक के कांटे से ही खत्म करना होगा। यह एक कड़वा सच है। जब तक पाकिस्तान को आतंकवाद के कांटे का दर्द नहीं होगा तब तक वह अपनी नीति या नीयत नहीं बदलेगा।

आतंकी वानी के मरने के बाद राष्ट्रीय स्तर के मीडिया का कवरेज भी बहुत सलेक्टिव रहा तथा यह देश के हित में नहीं है। प्रिण्ट मीडिया ने बेलेन्स बनाया लेकिन टी.वी. मीडिया में यह देखने को नहीं मिला। कई चैनल ने झूठ को बढ़ावा दिया। जिससे घृणा पैदा हुई, जनता में मतभेद, धार्मिक उन्माद बढ़ा जो प्रजातन्त्र के लिए सबसे खतरनाक हो सकता है। मरे हुए इंसानों पर अपना व्यवसाय व टीआरपी बढ़ाना एक देशद्रोह का काम है। मैं सैनिकों की कुछ फोटो जनता को दिखाना चाहता हूं जिनको इन चैनलों ने कभी भी नहीं दिखाया।

यह सबसे बड़ा कड़वा सच है कि बुरहान की कब्र से आतंकवाद का फैलाव ज्यादा होगा वनिस्पत उसके जिंदा रहते सोशल मीडिया से। इस्लामिक स्टेट के सुलता का सबसे बड़ा कारण हिंसा व भय का प्रसारण, न कि आतंकी सेना बनाना। सोशल मीडिया के प्रभाव से आतंकी अपने आप जुड़ गये। केरल में 15–20 आतंकियों का इस्लामिक स्टेट से जुड़ना एक उदाहरण है।

दूसरा :– खूनी जिहादियों को अपनी कमजोरी जाहिर करना सबसे खतरनाक है। इन आतंकियों का खत्मा करना सबसे महत्वपूर्ण है। साथ में काउण्टर प्रोपेगेण्डा के द्वारा और युवकों को इन आतंकवादियों के साथ जुड़ने से रोकना होगा।

तीसरी :– वानी की मौत की वजह से महानायक बन गया कारण शवयात्रा एक मीडिया इवेंट बना दिया गया।

चार :– वानी एक अलगाववादी ही नहीं बल्कि Islamistic था। अब यह आजाद व अलगाववादी की लड़ाई नहीं रही। अब घाटी में गैर मुस्लिम को भगाना या खत्म करना ही इनका मकसद बन गया। वानी के पिता ने कहा था कि वानी–अल्लाह की सर्विस में शहीद हुआ न कि आजाद कश्मीर।

भारतवर्ष को इसके जवाब में क्या करना चाहिये? मैं कुछ सुझाव दे सकता हूं–



तुम्हें अपने क्रोध के लिए सजा नहीं मिलती बल्कि तुम्हे अपने क्रोध से ही सजा मिलती है। - गौतम बुद्ध

सबसे महत्वपूर्ण इंटेलीजेंस– चाहे इलेक्ट्रोनिक या इन्सान जिससे हम जिहादियों से आगे रहें।

हमें डिफेंसिव मानसिकता से बाहर निकलना पड़ेगा। इसके लिये सेना की जरूरत नहीं है। इसके लिए स्पेशल मोबाइल व एजाइल गुरिल्ला काउण्टर–इनसरजेंसी फोर्स। आंध्र प्रदेश ने ग्रेहाउन्ड पुलिस फोर्स ने नक्सलियों का खात्मा कर दिया। पंजाब भी इसका ज्वलंत उदाहरण है।

राजनैतिक पहल में दिल–दिमाग बदलने के साथ कानून में बदलाव लाना जिससे भारतीय कश्मीर अपने अंग में जाकर बस सकें। डेमोग्राफी में बदलाव भी इस समस्या को हल करने में मदद कर सकता है।

कश्मीरी बड़े ही सेन्सिटीव इंसान हैं। लेकिन वे शक भी करते हैं। कोई भी वार्तालाप तभी सफल होगी जो गरमजोशी व बराबरी के दर्जे पर हो न कि इंसान के नाते। मेरा अनुभव है कि इंसानियत के नाम पर कश्मीरी बहुत नाराज होते हैं। देश को ऐसे नेता की जरूरत है जो भारत की छवि को कश्मीर में सुधारे। अगर इस छवि में बदलाव आ जायेगा तो फिर बाहरी ताकत का कोई दखल नहीं होगा।

–जय हिन्द!

# रूस्तम-ए-हिन्द दारा सिंह



फिल्म अभिनेता व पहलवान दारा सिंह की जीवनी पर आधारित संगीतमय कार्यक्रम जाट समाज सेवा समिति ट्रस्ट, नासिक की तरफ से 14 अक्टूबर को महाकवि कालीदास कला मन्दिर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का सद्घाटन नासिक के महापौर गुरमीत सिंह बग्गा ने किया और बताया कि दारा सिंह जैसे ताकतवर नाम को याद रखने के लिए प्रत्येक वर्ष ऐसे कार्यक्रम पूरे देश में होने चाहिए, दारा सिंह जैसे ताकतवर व्यक्तित्व से युवाओं को प्रेरणा मिलती है, उन जैसी और कोई हस्ति न हुई है और न ही होगी। फिल्म अभिनेता दिवाकर सिंह चाहर ने बताया कि दारा सिंह ने 500 से ज्यादा कुश्तियां बगैर विवाद के जीती व 128 फिल्मों में उन्होंने काम किया था उसके साथ–साथ खिलाड़ियों के क्षेत्र से पहले राज्यसभा के सदस्य बनकर एम.पी. भी बने थे।

चार घंटे के इस अनोखे कार्यक्रम में दो पहलवानों ने स्टेट पर कुस्ती लडी उसी के साथ–साथ दारा सिंह का आर्शीवाद प्राप्त पत्थर जैसे सिर वाले पोलिस सब इन्सपेक्टर विजय शेवाले ने अपने सिंर पर 3 मिनट तक डंडे बरसा कर दर्शकों को अपनी ताकत का परिचय करवाया व शेवाले का नाम लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज हो चुका हैं।

फिल्में जो दारा सिंह ने की उनमें से फिल्म सिकन्दरे आजम, लुटेरे, रूस्तमें हिन्द, डाकु मंगल सिंह, खकान, संगदिल 1962, फौलाद, उनकी फेवरेट हिरोईन मुमताज पर आधारित गाने एक तेरा साथ उस पर थोड़ा इंतजार, आया तूफान फिल्म में हम तेरे बिन जी ना सकेंगे सनम इसी प्रकार मोहम्मद रफी ने गाया गाना जिंदगी में आया तूफान जैसे गीत गाये इसी प्रकार पंजाबी नृत्य भंगड़ा, मराठी नृत्य लावणी व सोलो डान्स जयंत पाटेकर द्वारा प्रस्तुत किया गया।

रूस्तम–ए–हिन्द दारा सिंह कार्यक्रम में 1500 से ज्यादा लोगों ने उत्साही दर्शक बनकर हिस्सा लिया नासिक के अलावा मध्यप्रदेश जाट समाज के अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण गोरा व मुंबई बलसाड, सूरत, सिल्वासा, वापी, दमण, पूणे, नागपुर इत्यादि जगहों से आये जाट बन्धुओं ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

जाट समाज सेवा समिति ट्रस्ट के संरक्षक दिलीप सिंह बेनिवाल ने सूत्र संचालन, स्वागत व अन्त में आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में राजेन्द्र पिलानिया, ईश्वरलाल धायल, जयपाल शोराण, त्रिलोक सिंह कूडि, कृष्ण कुमार बेनिवाल, सूरजभान अहलावत, सालूराम खेरिया, बुजमोहन चौधरी, गुलाबचन्द बुगालिया, बनेसिंह झाझडिया, अभयराम कादयान, कर्णसिंह गिल, जगदीश गढवाल, प्रदीप ख्यालिया, रामअवतार नैन, हवा सिंह कादयान, कान्हाराम गेट, शांताराम लाठर, एडवोकेट शिवाजी सींवर, बिठोवा बेनिवाल, भावसिंह डिंगर, प्रताप द्यानद्यान इत्यादि के साथ–साथ जेसीज व रोटरी क्लब के सदस्यों ने सहयोग किया।

राजेन्द्र पिलानियां
उपाध्यक्ष, जाट समाज सेवा समिति ट्रस्ट, नासिक

# वित्तीय सहायता हेतु निवेदन

मान्यवर प्रणाम्,

जैसा कि आपको ज्ञात है कि जाट सभा चण्डीगढ़/पंचकूला एक सामाजिक व गैर–राजनीतिक संस्था है जो कि सदैव विभिन्न सामाजिक व सांस्कृतिक हित कार्यक्रमों के प्रसार के इलावा आर्थिक/सामाजिक तौर पर पिछड़े वर्गों, दलितो, युद्ध–नायकों, भूतपूर्व सैनिकों, उनके आश्रितों, उत्कृष्ट खिलाड़ियों व मेधावी छात्रों के कल्याण व उत्थान हेतु प्रयासरत है।

इसके साथ ही सभा द्वारा 13 अक्तूबर 2016 की कार्यकारिणी की बैठक में सर्वसम्पति से जाट भवन, सैक्टर–27, चण्डीगढ़ व सर छोटूराम जाट भवन सैक्टर–6, पंचकूला की renovation मरम्मत कराने, दोनों भवनों में साऊड़ प्रक्रिया, एयर कंडिशन व लिफ्ट सिस्टम लगवाने का निर्णय लिया गया है। सर छोटूराम जाट भवन पंचकूला में लिफ्ट लगाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। जिसकों 31 दिसम्बर 2016 तक मुकम्मल करने का प्रयास है और रैनोवेशन व अन्य कार्य 29 जनवरी 2017 को आयोजित की जाने वाली बंसन्त पंचमी उत्सव से पूर्व कराने की कोशिश की जा रही है। इन सभी कार्यों पर 2.5–3 करोड़ खर्च होने का अनुमान है।

सभा द्वारा 29 जनवरी 2017 को बंसत पंचमी एवं दीनबंधु सर छोटूराम की 136वीं जयन्ती समारोह के अवसर पर एक भव्य समारोह का आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर ख्याती प्राप्त अर्न्तराष्ट्रीय खिलाड़ियों, उनके प्रशिक्षकों के साथ–साथ रियों ओंलम्पिक 2016 की कुश्ती में कांस्य पदक विजेता – समाज की नायक साक्षी मलिक, उनके माता–पिता व मुख्य कोच, ओलम्पिक कुश्ती टीम 2016 के हिरो व ध्यानचन्द अवार्डी श्री कुलदीप सिंह मलिक को भी विशेषतौर से सम्मानित किया जायेगा। इनके इलावा युद्ध में मेघावी वीरों, भूतपूर्व सैनिकों/उनके आश्रितों, समाज कि उत्कृष्ट खिलाड़ियों, मेघावी छात्रों को भी समारोह के दौरान सम्मानित किया जायेगा। इस समारोह आयोजन पर भी काफी खर्चा होगा।

इसलिये आप सभी से अनुरोध है कि जाट सभा द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न सामाजिक कल्याणकारी कार्यक्रमों को सुचारू रूप से चलाने हेतु एवं अन्य उपरोक्त दर्शाये गये कार्यों को पूर्ण करने हेतु अपने व्यक्तिगत अनुदान के साथ मित्रजनों व अन्य सामाजिक कार्यकर्त्ताओं, उद्योगपतियों आदि द्वारा जाट सभा चण्डीगढ़/पंचकूला के वित्तीय सहायता भेजने की कृपा करें। अनुदान की राशि नकद, जाट सभा चण्डीगढ़ के नाम चैक अथवा चण्डीगढ़ में देय डिमांड़ ड्राफ्ट द्वारा व चण्डीगढ़ के अकाऊंट नं. 50100023714552, IFSC कोड HDFC 0001324 में सीधे भेजी जा सकती है। जाट सभा को दी जाने वाली अनुदान की राशि आयकर अधिनियम की धारा 80 जी के तहत आयकर से मुक्त है।

आदर सहित

भवदीय
राजकपूर मलिक
महासचिव



बुरी आदतों की कीमत दो बार चुकानी पड़ती है, एक बार जब आप उनके प्रभाव में आते हैं, दूसरी जब वह नुकसान पहुंचाती हैं। –अज्ञात

# 'बेचारा किसान' पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन





















## सम्पादक मंडल

**संरक्षक** : डा. एम.एस. मलिक, आई.पी.एस. (सेवानिवृत)
**सम्पादक** : श्री गुरनाम सिंह, आई.एफ.एस. (सेवानिवृत)
**सह–सम्पादक** : डा॰ राजवन्तीमान
**साज सज्जा एवं आमुख** : श्री आर. के. मलिक
**प्रकाशन समिति** : श्री बी.एस. गिल, मो॰ : 9888004417
श्री जे.एस. ढिल्लो, मो॰ : 9416282798
**वितरक** : श्री प्रेम सिंह, कार्यालय सचिव, जाट भवन, चण्डीगढ़
**जाट भवन 2–बी, सैक्टर 27–ए, चण्डीगढ़**
**फोन : 0172–2654932 फैक्स : 0172–2641127**
Email : jat_sabha@yahoo.com

Postal Registration No. CHD/0107/2015-2017

**RNI No. CHABIL/2000/3469**

मुद्रक प्रकाशन एवं सम्पादक गुरनाम सिंह ने जाट सभा, चंडीगढ़ के लिए एसोशियटिड प्रिन्टर्ज़, चंडीगढ़, फोन : 0172–2650168 से मुद्रित करवा कर जाट भवन, 2–बी, मध्यमार्ग, सैक्टर 27–ए, चंडीगढ़ से प्रकाशित किया ।